## सार-समाचार

### बावतरा जी.एस.एस. पॉवर क्षमता वृद्धि

**जालोर**, (कासं)। सायला क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत करते हुए 220 केवी जी.एस.एस सायला(बावतरा) पर स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की गई है। इससे क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को लम्बे समय से चली आ रही कम वॉल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। अधीक्षण अभियंता निमेन्द्र राज सिंह ने बताया कि 220 केवी जी.एस.एस. सायला(बावतरा) से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं को कम वॉल्टेज की समस्या के समाधान के लिए उक्त जी.एस.एस पर स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से सम्बन्धित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि उक्त जी.एस.एस. पर क्षमता वृद्धि कर पूर्व से स्थापित 20/25 एम.वी.ए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 40/50 एम.वी.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाकर 4 जनवरी से सुचारू एवं अच्छी गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है। क्षमता वृद्धि के उपरान्त अब क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति अधिक सुदृढ एवं विश्वसनीय हो गई है। इससे उपभोक्ताओं को दिन के समय बिना किसी कटौती के अच्छी गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध हो सकेगी। विशेष रूप से मेंगलवा, पोषाणा, बाबतरा, मोकणी, के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृ? करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी।

### 'आंदोलन केवल राजनीतिक स्टंट'

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर में रेलवे जंक्शन की मांग को लेकर शनिवार को पिंडवाडा संघर्ष समिति द्वारा सिरोही तहसीलदार को ज्ञापन सौंपे जाने पर भाजपा जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह देवडा ने कडी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस आंदोलन को राजनीतिक स्टंट बताते हुए आमजन को गुमराह करने का आरोप लगाया। देवडा ने कहा कि सांसद लुम्बाराम चौधरी द्वारा गुरुवार को इस विषय में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी गई थी। पिंडवाडा या सरूपगंज में न तो पहले और न ही वर्तमान में रेलवे जंक्शन के लिए कोई भूमि चिह्नित की गई है। रेलवे जंक्शन का निर्धारण रेलवे विभाग द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर किया जाता है, न कि राजनीतिक दबाव से किया जाता है। उन्होंने बताया कि सांसद लुम्बाराम चौधरी ने सिरोही जिले को रेलवे नेटवर्क से जोडने हेतु केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी को कई बार पत्र लिखे। मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागरा सिरोही पिंडवाडा (96 किमी) नई रेल लाइन का सर्वे हुआ था, लेकिन कम यात्री संभावनाओं के कारण परियोजना को आगे नहीं बढाया गया। देवडा ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता सिरोही को रेल सुविधा से जोडने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और शीघ्र ही कार्यकर्ता आमजन को पूरे मामले की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएंगे।

### जोधपुर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता संपन्न

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर बॉडीबिल्डिंग संघ द्वारा आयोजित 50 वीं गोल्डन जुबली मिस्टर जोधपुर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए निहाल मेहरा ने मिस्टर जोधपुर 2026 का खिताब अपने नाम किया, जबकि आदिल रंगरेज रनरअप रहे। जावेद अबासी फर्स्ट रनरअप बने। प्रतियोगिता में करीम अंसारी को मोस्ट इम्प्रूव्ड बॉडीबिल्डर और विशाल सोनगरा को बेस्ट पोज़र का अवार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रतियोगिता में जूनियर मिस्टर जोधपुर का खिताब भरत गोखलानी ने जीता। यश माकड़ ने मसल्स मैन का खिताब अपने नाम किया, जबकि जूनियर वर्ग में बेस्ट पोज़र का अवार्ड सलमान मलिक को दिया गया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 55 किलोग्राम भार वर्ग में युधिष्ठिर प्रथम, अमरजीत द्वितीय और अर्जुन राणा तृतीय रहे। 60 किलोग्राम वर्ग में निहाल मेहरा ने प्रथम, किशनाराम ने द्वितीय तथा शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 65 किलोग्राम वर्ग में करीम अंसारी प्रथम, विनोद बोराणा द्वितीय और समर चौहान तृतीय रहे। 70 किलोग्राम वर्ग में जावेद अबासी प्रथम रहे। 75 किलोग्राम वर्ग में विशाल सोनगरा ने प्रथम, फरहान ने द्वितीय और हेमंत ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 80 किलोग्राम वर्ग में आदिल रंगरेज प्रथम, प्रकाश प्रजापत द्वितीय और अर्जुन तृतीय रहे।

### भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। भाजपा ग्रामीण मंडल कालंद्री की बैठक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर मंगलवार को भाजपा की बैठक प्रजापत धर्मशाला कालंद्री में बैठक आयोजित हुई। मंडल अध्यक्ष हिरेंद्रपालसिंह देवडा ने बैठक में बताया कि नए पात्र मतदाताओं के नाम जोडने, युवाओं एवं स्थानांतरित मतदाताओं की मैपिंग तथा शुद्ध मतदाता सूची पर जोर दिया।सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान को समयबद्ध व प्रभावी रूप से पूरा करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्रपालसिंह रोडा, पूर्व प्रधान प्रज्ञा कुंवर देवडा,महामंत्री नाथु देवासी नून, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम भाई,पूर्व मंडल अध्यक्ष अतीक भाई रावल, पूर्व महामंत्री गोकुल भाई देवासी, मगनलाल प्रजापत, पुष्पा कुंवर देवडा,छगनलाल पुरोहित, भूराराम प्रजापत, उमेदसिंह जेला, मालमसिंह, रामसिंह देवडा , दिनेश पुरोहित, सागर कुमार, दिलीपसिंह, प्रकाश रावल, नगाराम देवासी, थानदान चारण, शैतानदान, ओटाराम प्रजापत, मोतीलाल पुरोहित, चौथाराम मेघवाल, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रामानन्दाचार्य जयंती पर भजन कल

**सायला**, (कासं)। निकटवर्ती रेवतडा स्थित चारभुजा मन्दिर में वैष्णव समाज द्वारा जगद्गुरू स्वामी रामानन्दाचार्य महाराज जयन्ती विभिन्न साधु संतो के सान्निध्य में धूमधाम से मनाई जाएगी। जयन्ती महोत्सव के तहत शुक्रवार को प्रातः भव्य शोभायात्रा का निकाली जाएगी। जिसमें घोडे, बैण्ड पार्टी एवं सुसज्जित रथ में विराजित स्वामी रामानन्दाचार्य महाराज की तस्वीर विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा मन्दिर प्रांगण से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्ग से पुनः आयोजन स्थल पहुँचकर सम्पन्न होगी। इसके बाद महाआरती, चढावों के लाभार्थियों का बहुमान होगा। इस मौके महाप्रसादी का भी आयोजन होगा। महोत्सव की पूर्व संध्या में गुरुवार को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रवणदास एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। जयन्ती महोत्सव को लेकर आयोजन समिति द्वारा समाजबंधुओं को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रण दिया जा रहा हैं।

### यादे माता पर कैलेंडर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं) । श्री श्रीयादे माता जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। श्रीयादे कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के उद्योगपति सांगाराम घोड़ेला, अमराराम घोड़ावड के साथ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गुड़िया, महासचिव महेंद्र घोड़ेला, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार जलवाणिया, दशरथ कुमार प्रजापत, शशि प्रकाश प्रजापत, राकेश कुमार बाकरेचा, अमित कुमार सिंघाटिया,संरक्षक कालूराम कारवाल, केशव कुमार कवाड़िया, लूणाराम घोड़ेला नारायण लाल भोभरिया, जितेंद्र कुमार मावर, मुन्ना राम मोरवाल, पंकज घोडेला, राम प्रसाद दुर्बलदिया, धनराज टाक, रमेश गोयल, किशनलाल घोड़ेला, जोधाराम भोभरिया, गिरधारी लाल घोडेला, विष्णु कुमार घोड़ेला, विजय कुमार कित्ता सहित समाज बंधु उपस्थित थे।

### काव्य संग्रह 'सन्नाटे की परछाई' को अवार्ड

**जोधपुर**, (कासं) । तहजीब की ओर से हर वर्ष उर्दू साहित्य के क्षेत्र में राज्य स्तर पर दिए जाने वाला 2024 का एडी राही अवार्ड शनिवार 10 जनवरी को सायं 5 बजे नेहरू पार्क स्थित डॉ मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में आयोजित समारोह में जयपुर के नौजवान व प्रख्यात शाइर आदिल रजा मसूरी के शेरी मजमूए (काव्य संग्रह) ''सन्नाटे की परछाई'' को दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2021 का एडी राही अवार्ड सीकर के शाइर फारूक इंजीनियर की काव्य कृति कितने सूरज को 2022 का अवार्ड उर्दू की कथाकार उदयपुर की डॉ सरवत जहां के उपन्यास कड़वे करेले को और 2023 का अवार्ड टॉक के शाइर अरशद अब्दुल हमीद के काव्य संग्रह चरागा सरे ख्वाब को दिया जा चुका है।

### कैडेट आयशा बानो क्रिकेट टीम में

**पाली**, (नि.सं.)। बांगड़ महाविद्यालय, पाली की एनसीसी कैडेट एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आयशा बानो का सत्र 2026 के लिए जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय (जे.एन.वी.यू.) वेस्ट जोन महिला क्रिकेट टीम में चयन हुआ। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित तथा खेल समिति सदस्य एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. रामेश्वर चौधरी ने आयशा बानो को शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

# रोल ऑब्जर्वर नीरज के. पवन ने एसआईआर कार्यों की समीक्षा की

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के अंतर्गत रोल ऑब्जर्वर नीरज के. पवन ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट, बाड़मेर में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में ईआरओ एवं एईआरओ के रिक्त पदों की स्थिति, पदस्थापन प्रक्रिया, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा मतदाता हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की गई। रोल ऑब्जर्वर ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बीएलओ की नियुक्ति से संबंधित बिंदुओं की जांच तथा बीएलओ को फोटो पहचान पत्र, किट बैग एवं नाम बोर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बीएलए की संख्या एवं पात्रता, बीएलओ के माध्यम से प्राप्त विभिन्न फॉर्मों के आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। मतदाता सूची के ड्राफ्ट की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने तथा प्रारूप सूची को सीईओ की वेबसाइट एवं ईआरओ नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मतदाता जागरूकता गतिविधियों, ऑनलाइन आवेदन सुविधा, विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार तथा युवाओं, महिलाओं सहित अन्य वर्गों के मतदाताओं के नामांकन हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। साथ ही शिकायत निवारण के लिए पीजीएमएस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

रोल ऑब्जर्वर ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन, पारदर्शी एवं समावेशी बनाने के लिए सभी कार्यवाही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए। उन्होंने जिले के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि अगर उन्हें मतदाता सूचियों सहित एसआईआर कार्यक्रम के सम्बंध में कोई आपत्ति है, तो वह सीधे उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही अगले दौरे के समय उनके साथ यहां बैठक भी की जाएगी।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने अभी तक एसआईआर कार्यक्रम के तहत चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। रोल ऑब्जर्वर नीरज के. पवन ने जिले में चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्रसिंह चांदावत, उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर यशार्थ शेखर, प्रशिक्षु आईएएस छाया सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार समेत निर्वाचन शाखा के संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# सी.ई.टी.पी. को पूर्ण क्षमता से चलाने के निर्देश

**पाली**,(नि.सं.)। भारत के सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की रिपोर्ट की अनुपालना में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सीईटीपी संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सीईटीपी को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारियों को प्रदूषित पानी की अवैध निकासी पर कड़ी निगरानी रखने तथा अवैध पाइपलाइनों को उखाड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध गतिविधियों में संलिप्त इकाइयों के विरुद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज करवाने, स्वयं सीईटीपी इकाइयों की स्थिति की जांच करने तथा जेएलडी चलाने के निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों में संचालित अनाधिकृत औद्योगिक इकाइयों को तत्काल बंद करवाने एवं अवैध रूप से संचालित इकाइयों की विद्युत आपूर्ति काटने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर मंत्री ने कृषि भूमि पर यदि किसी प्रकार की औद्योगिक गतिविधि संचालित पाई जाती है, तो उसकी जांच उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा की जाए।

नगर निगम क्षेत्र में इस प्रकार की जांच नगर निगम द्वारा की जाएगी। कृषि भूमि पर अवैध औद्योगिक गतिविधि पाए जाने पर तहसीलदार एवं ग्राम विकास अधिकारी तत्काल बंद करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्रदूषित पानी के अनाधिकृत परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं पुलिस प्रशासन को टैंकरों व ट्रैक्टरों की गश्त के दौरान सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। बांडी नदी पुलिया से हाईवे तक पुराने व नवीन नक्शों का मिलान करने के लिए समिति गठित कर जांच करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नदी के किनारे एवं नदी से एक किलोमीटर की परिधि में भू-राजस्व विभाग द्वारा सर्वे कर भूमिगत जल के उपयोग पर रोक सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि रीको क्षेत्र के नालों में औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषित पानी न जाए, इसकी पूर्ण सुनिश्चितता की जाए।

यदि कहीं ऐसा पाया जाता है तो तत्काल प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बोर्ड को सूचित कर कार्रवाई की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग ओम प्रभा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल सापा, उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारी अमित सोनी, जलदाय विभाग के कानसिंह राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, पुलिस विभाग के सुघाड़ सिंह, सीईटीपी अध्यक्ष अशोक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## ओमी पुरोहित ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ओमी पुरोहित जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नगरपरिषद जैसलमेर द्वारा शहर में संचालित हनुमान चौराहे स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान हनुमान चौराहे पर स्थित रैन बसेरे में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान इस रैन बसेरे में ठहरने वाले व्यक्तियों की संख्या बहुत कम पाई गई, जिसके लिए रैन बसेरों का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के लिए आयुक्त नगरपरिषद को निर्देशित किया जावेगा, ताकि अधिक से अधिक व्यक्ति इसका लाभ ले सके।

निरीक्षण के समय नगरपरिषद के जिला परियोजना अधिकारी ऋषभ जायसवाल, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मदनसिंह सोढा एवं प्राधिकरण के कर्मचारा उपस्थित रहे।

# भाटी ने युवाओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**पाली**,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 5 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक नालसा डाउन स्कीम-2025 के अंतर्गत साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी द्वारा कंकु विजय कॉलेज ऑफ एजुकेशन, खैरवा रोड, पाली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नालसा द्वारा संचालित योजना 'नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं और नशे का उन्मूलन' के उद्देश्यों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने एनसीबी की ई-प्रतिज्ञा जीवन को हां कहें, नशे को ना कहें लेने हेतु युवाओं को प्रेरित किया।

सचिव भाटी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकना है। इसके अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने, नशा पीड़ितों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, पुनर्वास एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयामों, निःशुल्क विधिक सहायता एवं उसकी पात्रता, पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल, रालसा के राज्यव्यापी विशेष अभियान 'न्याय आपके द्वार सहित कई जानकारियों के बारे में बताया।

इस अवसर पर निदेशक अभिषेक जैन, प्राचार्य डॉ. करण सैन, मांगीलाल तंवर सहित कई जने उपस्थित रहे।

# सायला में हिन्दू सम्मेलन 17-18 को, प्रभात फेरी का आयोजन किया

**सायला**, (कासं)। आगामी विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के तहत मंगलवार अल सुबह सायला नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।

सायला नगरवासियों ने श्रीराम के सुमधुर भजनों के साथ पुराने बस स्टेण्ड स्थित गणपति मंदिर से प्रभात फेरी की शुरुआत की, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रद्धा और उत्साह का संदेश देती रही।

प्रभात फेरी के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और नगर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। नगर मे प्रति दिन प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

राष्ट्रीय व्यापार संगठन (कैट) के ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित ने बताया कि 17 व 18 जनवरी को सायला में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन के तहत नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें कलश यात्रा, आकर्षक झांकियां एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

दिल्ली की प्रसिद्ध मनोज रिया एंड पार्टी द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी जो आयोजन को और भी भव्य बनाएंगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह है और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना को सुदृढ करने का संदेश दिया जाएगा। प्रभात फेरी के सफल आयोजन से सम्मेलन की तैयारियों को नई ऊर्जा मिली है।

# ऑप्टिमस अचीवर्स की जोधपुर पर जीत

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल पीवीएसएम, एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह जी एयरपोर्ट रोड़, पाबूपुरा में चल रहे 26वें जोधपुर पोलो सीजन 2025 में मंगलवार 6 जनवरी को राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (8 गोल) टूर्नामेंट शुरु हुआ।

पहले दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच दोपहर 2.00 बजे जोधपुर व ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच खेला गया। अन्तिम क्षण तक रोमांचक रहे इस मैच में अचीवर्स टीम ने जोधपुर पर छह के मुकाबले सात गोल कर एक गोल से अन्तर से मैच जीता। वही दूसरा मैच दोपहर 3.00 बजे आर्मी कमाण्डर्स कप के प्रदर्षन मैच के रूप में खेला गया जिसमें नेवी सेन्ट्रल एकेडमी टीम ने 61 कैवलरी बीजेडएस स्कूल पर पांच के मुकाबले नौ गोल कर चार गोल के अन्तर से आसान जीत दर्ज की।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि दोपहर 3 बजे खेले गये आर्मी कमाण्डर्स कप के प्रदर्षन मैच दौरान जोधपुर पोलो के संरक्षक पूर्व महाराजा गजसिंह व भारतीय थल सेना के लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, एवीएसएम, जीओसी-इन-सी, सदर्न कमांड व कोमल सेठ सदर्न स्टार आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की रीजनल प्रेसीडेंट मुख्य अतिथि के रूप में मैदान में उपस्थित थे। लेफ्टिनेंट जनरल ने प्रदर्शन मैच की पहली गेंद फेंककर खेल शुरु करवाया व मैच समाप्ति पर गजसिंह के साथ विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफियां प्रदान की

सचिव नाथावत ने बताया कि पहले खेले गये मैच में जोधपुर टीम के दो हैण्डीकेप खिलाड़ी सलीम आजमी ने पहले चक्कर में एक गोल, चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी अर्जेन्टीना के जरार्डो मजीनी ने भी पहले चक्कर में एक गोल, दो हैण्डीकेप खिलाड़ी धुरवपाल गोदारा ने चौथे चक्कर में एक गोल व धनन्जय सिंह राठौड़ ने दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक कुल तीन गोल कर मैच को बेहद रोमांचक बना दिया।

मुकाबले में ऑप्टिमस अचीवर्स टीम की ओर से खेलते हुए टीम के साविर गोदारा ने पहले, दूसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल व छह हैण्डीकेप के विदेशी खिलाड़ी अलेजो आर्मबुरू ने दूसरे चक्कर में दो व तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया।

उन्होंने बताया कि दूसरे मैच में नेवी पोलो टीम की ओर से खेलते हुए टीम के तीन हैण्डीकेप खिलाड़ी सैय्यद हूर अली ने पहले चक्कर में दो व चौथे चक्कर में एक गोल, कैप्टन ए.पी. सिंह ने दूसरे चक्कर में एक गोल, निखिलेन्द्र सिंह ने चौथे चक्कर में एक गोल व 8 हैण्डीकेप के विदेशी खिलाड़ी डेनियल ओटामेंडी ने दूसरे चक्कर में व तीसरे चक्कर में लगातार तीन गोल कर टीम को अजेय बढ़त दिला दी। मुकाबले में 61 कैवलरी बीजेडएस स्कूल के मेजर मृत्युंजय सिंह चौहान ने दूसरे चक्कर में एक गोल, दो हैण्डीकेप खिलाड़ी समीर सुहाग ने चौथे चक्कर में एक गोल व नवीन सिंह ने तीसरे चक्कर में एक व चौथे चक्कर में दो गोल किए। यह टीम पहले चक्कर में कोई गोल नहीं कर पायी।

दोनों ही मैचों के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व उदय कलान थे, पहले मैच के रैफरी कुलदीप सिंह राठौड़ दूसरे मैच के रैफरी जरार्डो मजीनी रहे। मैच की कॉमेन्ट्री राजवी शैलेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह रोहिट व अंकुर मिश्रा ने की।

मैच से पूर्व व मैच के मध्य मैदान में उपस्थित महरानगढ़ बैण्ड ने सुमधुर धुन के साथ मार्चपास्ट किया वहीं सेना के 1 मैक आईएनएफ (1 मद्रास) पाईप बैण्ड, 7 गाड्र्स पाईप बैण्ड, 8 मराठा लाईट इंफ्रेन्ट्री पाईप बैण्ड, 11 मराठा लाईट इंफ्रेन्ट्री पाईप बैण्ड, 26 मराठा लाईट इंफ्रेन्ट्री पाईप बैण्ड, 23 राजपूत पाईप बैण्ड व 2 गढ़वाल राइफल्स पाईप बैण्ड ने मैच समाप्ति पर आकर्षक संगीतमय प्रस्तुति दी।

बुधवार को राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (8 गोल) टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर 2.00 बजे ऑप्टिमस अचीवर्स व राजपूताना पोलो क्लब के बीच व दूसरा मैच नेवी पोलो सेन्ट्रल एकेडमी व क्राइसिस/सुहाना टीमों के बीच दोपहर 3 बजे खेला जायेगा।

## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ आंदोलन 10 से

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके। इसी के तहत आगामी 10 जनवरी से 6 फरवरी तक जालोर जिले मे विभिन्न जन-आंदोलन जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित किये जायेंगे।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया की आगामी 10 जनवरी को कांग्रेस कार्यालय राजीव गाँधी भवन जालौर में अभियान के औपचारिक शुभारम्भ के लिए प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की जाएंगी। जिसमें प्रस्तावित कानून के ग्रामीण - रोजगार और आजीविका पर पडने वाले दुष्प्रभावों को मीडिया के माध्यम से उजागर किया जाएगा।

11 जनवरी को डॉ.भीमराव अम्बेडकर सभा स्थल जालौर के सम्मुख, पार्टी नेता, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास आयोजित किया जायेगा।

आगामी 12 से 29 जनवरी तक जिले की ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाले एवं जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 30 जनवरी को जिले की पंचायती राज संस्थाओं के वार्डों और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा शांतिपूर्ण धरने आयोजित किये जाएंगे जिसमें अहिंसा, संवैधानिक मूल्यों और काम के अधिकार पर चर्चा की जाएगी।

## सार-समाचार

### टीबी रोग के लक्षणों की स्क्रीनिंग

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों में एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) के द्वितीय चरण में स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर टीबी रोग के लक्षणों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर डॉ. भैराराम जाणी ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत एक्टिव केस फाइंडिंग हाउस-टू-हाउस सर्वे का द्वितीय चरण 25 दिसम्बर से 15 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान से जिले में टीबी के मामलों की समय पर पहचान एवं उपचार में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। उन्होने आमजन से अपील की है कि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किए जा रहे सर्वे में पूर्ण सहयोग करें एवं यदि टीबी के लक्षण हों तो उन्हें छुपाएं नहीं। समय पर जांच एवं उपचार से टीबी पूर्णतः ठीक होने वाली बीमारी है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर घर में जाकर टीबी के संभावित लक्षणों की पहचान की जा रही है। सर्वे के दौरान यदि किसी व्यक्ति में दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना, रात को पसीना आना अथवा खून की खांसी जैसे लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे नजदीकी राजकीय चिकित्सालय में बलगम की जांच, एक्स-रे एवं अन्य आवश्यक जांच करवाई जाएगी, जिससे समय पर टीबी रोग का निदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि टीबी रोग की पुष्टि होने पर संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा सभी जानकारी फॉलो-अप के दौरान एएनएम एवं आशा डिजिटल हेल्थ मोबाइल एप में अपडेट की जाएगी तथा रोगी का नजदीकी राजकीय चिकित्सालय से निःशुल्क उपचार प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के दौरान वलनरेबल पॉपुलेशन एवं हाई रिस्क ग्रुप पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि टीबी के मामलों की शीघ्र पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

### फर्स्ट एड की जागरूकता के लिए प्रशिक्षण

**जालोर**, (कासं)। आमजन में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान जीवन रक्षा के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) एवं फर्स्ट एड की जागरूकता एवं दक्षता बढाने के उद्देश्य से सीएमएचओ कार्यालय, जालोर में ब्लॉक स्तरीय टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी की अध्यक्षता में किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विरेन्द्र हमथानी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड का समुचित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें प्रशिक्षक के रूप में तैयार करना रहा, ताकि वे आगे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इस महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीक का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सकें। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण में जिले के प्रत्येक ब्लॉक से एक-एक चिकित्सा अधिकारी एवं एक नर्सिंग ऑफिसर ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हृदय गति रुकने, सांस रुकने जैसी आपात स्थितियों में सीपीआर देने की सही विधि, समय पर उपचार के महत्व एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सीपीआर की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। आकस्मिक हृदयाघात अथवा अन्य आपात स्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड की सही जानकारी एवं त्वरित उपयोग से कई बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने ब्लॉकों में अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को भी इस संबंध में प्रशिक्षित करें जिससे वह प्रशिक्षक सभी स्कुल तथा कॉलेजों में विद्यार्थियों को बुनियादी चिकित्सा कौशल प्रशिक्षण से जागरूक कर सके। इस दौरान डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. अभिषेक पटेल, डॉ. दीपक गोयल, डीपीसी अभिमन्यु सिंह सहित कई जन मौजूद रहे।

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का धरना जारी

**धोरीमना**, (निसं)। गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से मंगलवारको कांग्रेस वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोदारा के नेतृत्व में चौथे दिन धरना जारी रहा। धरना स्थल से रैली निकाल कर पुलिस थाना मुख्य चौराया से उपखंड कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार पीहिर सिंह चंपावत को ज्ञापन सौपा गया। गुडामालानी विधानसभा के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा हौसला देखकर लगता है भजनलाल सरकार और मंत्री के के विश्नोई का निर्णय गलत था? क्या भजनलाल सरकार धोरीमना गुडामालानी व धोरीमना क्षेत्र के लोगों को बिना अनुमति के बालोतरा जिले में शामिल करने की कार्यवाही पर माफी मांगेगा या कार्यवाही में सुधार करेगी क्या कांग्रेस धीरे-धीरे जनता की आवाज बन रही है? धोरीमना में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ताओं का सरकार के धोरीमना को बालोतरा जिले में शामिल करने के तुगलकी फरमान पर जनता का कांग्रेस को जोरदार समर्थन मिल रहा है। जिससे लगता है कि मंत्री के के विश्नोई ने राजस्थान सरकार को हकीकत नहीं बताई थी।

### युवक से ठगी, पुलिस ने रुपए कराए होल्ड

**जोधपुर** (कासं) । शहर के झंवर पुलिस थाना क्षेत्र में खाटावास में रहने वाले एक युवक से शातिर ने इंवेस्टमेंट के नाम पर छह लाख की ठगी कर ली। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर 35 हजार रूपए होल्ड भी कराए गए, मगर बाकी की रकम अब तक नहीं मिल पाई। पीड़ित ने घटना को लेकर झंवर थाने में रिपोर्ट दी है। पूर्व में मामला परिवाद में रखा गया था। थानाधिकारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि खाटावास का रहने वाला हिम्मत सिंह पुत्र उमरदान चारण के पास में नवंबर माह में किसी शख्स का कॉल आया और उसे रूपए इंवेस्ट करने का बोलकर रकम पर अच्छे मुनाफे का प्रलोभन दिया था। इस पर झांसे में आए हिम्मत सिंह ने दो बार में डेढ़- डेढ़ लाख जलजोग स्थित एसबीआई की शाखा से शातिर के खाते में ट्रांसफर किए थे, उसके बाद में और रूपए ऑनलाइन भेजे गए।

### खाईवाली व तस्करी के आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । सार्वजनिक स्थान पर अंकों के आधार पर गुब्बाखाई कर रहे तीन खाईवालों को गिरफ्तार कर दांव पर लगी राशि और अवैध रूप से शराब बेच रहे दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बेचने को रखी शराब जब्त की। बासनी थाने के एएसआई श्यामलाल ने बिजली घर के आगे सालावास रोड पर गुब्बाखाई कर रहे हुकमाराम पुत्र सुरजाराम मेघवाल को गिरफ्तार कर दांव पर लगी 700 रुपए की राशि जब्त की। सदर बाजार थाने के हैडकांस्टेबल हीराराम ने बाईजी का तालाब क्षेत्र में गुब्बाखाई कर रहे मोहम्मद रफीक पुत्र अब्दुल रशीद को और थाने के हैडकांस्टेबल हनुमानराम ने खान चौक में गुब्बाखाई कर रहे तनवीर अहमद पुत्र अब्दुल सतार को गिरफ्तार कर दांव पर लगी राशि जब्त की। वहीं डांगियावास थाने के हैड कांस्टेबल भागीरथ ने अकथली गांव में अवैध रूप से शराब बेच रहे बबूसिंह पुत्र दलपतसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 पव्वे जब्त किए।

### वृक्ष कटाई से पर्यावरण प्रेमियों में रोष

**जालोर**, (कासं)। जिला मुख्यालय जालौर में पर्यावरण संरक्षण में प्रभावी कानून (एक्ट टी) बनाने लिये पर्यावरण संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वरलाल विश्नोई के मार्ग दर्शन पर पर्यावरण प्रेमी जियाउर्रहमान चौहान, नशा मुक्ति केंद्र के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर हीरालाल चौहान, पवन कुमार शर्मा ने टीम के साथ मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाडा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। बताया कि राज्य में हो रहे विकास के नाम जो अंधाधुन वृक्षों की कटाई पर विनाशकारी कदम साबित हो रहे हे। पिछले 600 दिनों से धरना बीकानेर में जिसकी गूंज प्रदेश में फैल गई है।


(राजस्थान सरकार)

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड जालोर (राज.) पिन नं. 343001

क्रमांक: नपजा/राजस्व/2025/6650 दिनांक: 31.12.2025

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

श्री ओमप्रकाश माली पुत्र श्री चम्पा लाल, जाति - माली, निवासी बेरा मिठवानिया , जालोर बी ने भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है ।

| भूखण्ड का पता | पट्टा संख्या एवं पट्टाधारक का नाम | हस्तांतरण का जरिया | आस- पड़ौस व तुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षे.(व.ग.) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| रेल्वे स्टेशन के पीछे, एफसीआई गोदाम के सामने स्थित खसरा सं. 4060/4061 बनाम बालाजी नगर जालोर | न.प.जा द्वारा जारी पट्टा लीजडीड सं. 857/2014-15, दिनांक 03.02.2015 | बेचाननामा | उत्तर- कृषि भूमि । दक्षिण- आवासीय प्लॉट सं. 95 पूर्व- आवासीय प्लॉट सं. 97 पश्चिम - 30 फीट चौडा रास्ता | 266.66 | आवासीय प्लॉट सं. - 96 |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो [illegible] प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अंदर [illegible]

आयुक्त
नगर परिषद जालोर